# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Gmail ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 170 / कु0स0का0 / 2022–23 दिनांक: 12/04/2022

<u>अधिसूचना</u>

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्व वित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित वार्षिक प्रणाली के B.F.A./ B.Sc.(Biotechnology /B.Sc.Hon's (Biotechnology) /B.Sc .(Microbiology)/B.Sc .Hon's (Microbiology)/B.Sc(PE, HE & SPORTS / B.A. B.Ed. / B.El.Ed. पाठ्यक्रमों की सत्र 2021-22 की मुख्य परीक्षा जो माह मई 2022 में होनी प्रस्तावित है उन परीक्षाओं में निम्नलिखित बिन्दुओं में अर्ह विद्यार्थीयों को ही सम्मलित किया जायेगा ।

"उक्त समस्त वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की प्रथम वर्ष की 2021-22 की मुख्य परीक्षा" ।

परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया निम्न प्रकार होगी :

फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढ़ें :

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.msuniversity.ac.in** पर जाकर UG & PG Classes under Self Finance Exam Form पर Click करें ।

2. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त किया जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरे क्योंकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा ।

3. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी । किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट आदि स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑन लाईन शुल्क की प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।

4. परीक्षा फार्म में वाँछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरी जायेगी ।

5. फार्म के साथ लगाये जाने वाले संलग्नकों में प्रत्येक संलग्नक के दाहिनी ओर शीर्ष पर अपना फार्म संख्या छात्र को अवश्य अंकित करना चाहिए ।

6. उपरोक्तानुसार पूर्ण रूप से भरे गये परीक्षा फार्म को परीक्षार्थी द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराया जायेगा । महाविद्यालय/संस्थान का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक प्राप्त परीक्षा फार्म की जॉच कर यह सुनिश्चित करें कि फार्म के साथ वाँछित संलग्नक लगाये गये हैं अथवा नहीं ? क्योंकि जिस पाठ्यक्रम एवं भाग के लिए परीक्षा फार्म भरा गया है, उसकी न्यूनतम योग्यता सम्बन्धी प्रमाण - पत्र परीक्षा फार्म के साथ संलग्न होना आवश्यक है ।

7. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय स्तर पर पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निर्देशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।

**विशेष निर्देशः**– महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा के परीक्षा फार्म नोमिनल रोल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा किये जायेगे।

i. फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा बनायी गयी ऑन लॉइन नॉमिनल रोल लिस्ट जो संस्थान के पोर्टल पर प्रेषित की गयी है केवल वही जमा होगी, संस्थान द्वारा अपने स्तर से निर्मित की गयी नहीं

ii. फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये समस्त अग्रिम देयकों (जैसे कि प्रोविजनल डिग्री फीस एवं परीक्षा हेतु दिये गये अग्रिम धनराशि आदि) का समायोजन कराकर लेखा विभाग द्वारा जारी अदेयता प्रमाण - पत्र (No - dues Certificate) की छाया प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जायेगे ।

iii. महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में किसी भी विद्यार्थी को दो वर्षो (एक मुख्य वर्ष एवं एक भूतपूर्व छात्र के रूप में) का परीक्षा फार्म एक साथ न भरवाया जाय अन्यथा की स्थिति में उनका परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान एवं छात्रों की स्वयं की होगी ।

ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं हेतु वेबसाईट पर ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथि | 14.04.2022 से |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑनलाईन भरने एवं ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | 26.04.2022 तक |
| 03. | छात्र/छात्राओं द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये सन्दर्भित परीक्षा फार्म का ऑन लाईन सत्यापन (कन्फर्म) कराये जाने हेतु सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि | 30.04.2022 तक |
| 04. | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा एन0आर0 सहित परीक्षा फार्म (एन0आर0 के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की जनपदवार अन्तिम तिथि :– | 04.05.2022 तक |

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. सम्पादक , समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए छात्रहित में निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करे ।
2. प्राचार्य/प्राचार्या/निर्देशक समस्त स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ को उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु प्रेषित
3. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ
4. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ
5. उपकुलसचिन कुलसचिव ( परीक्षा ) ।
6. प्रभारी (सीक्रेसी) माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
7. प्रभारी , व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल) माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
8. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)
9. आशुलिपिक कुलसचिव
10. प्रभारी वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र
12. विश्वविद्यालय सूचना पट
13. अधिकृत एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त नियमों के अनुर ही फार्म भरवाना सुनिश्चित करें ।

12-4-2022

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा) o/c

12/04/22